राजेश निर्वाण
भा.पु.से.
महानिदेशक एवं महासमादेष्टा
गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर–302002
दूरभाष :0141–2605525 (कार्या.)

Rajesh Nirwan
IPS
Director General & Commandant
General, Home Guards,Rajasthan,
Jaipur-302002
Tel : 0141-2605525 (Office)
Email :- dg.hghq.rj@rajasthan.gov.in
DO.No.
Date : 4.12.2024

संदेश

गृह रक्षा संगठन के 62 वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के इस विशाल स्वयं सेवी संगठन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयं सेवकों को मैं शुभकामना प्रेषित करता हूँ।

गृह रक्षा संगठन की स्थापना 6 दिसम्बर 1962 को हुई थी। निष्काम सेवा के ध्येय वाक्य पर आधारित इस संगठन की बढ़ती हुई उपयोगिता के कारण आज यह राज्य का बड़ा स्वयं सेवी संगठन है, जिसके वर्तमान में 25000 से भी अधिक सदस्य हैं।

गृह रक्षा स्वयं सेवकों ने प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर आन्तरिक सुरक्षा तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों में सुरक्षा ड्यूटी देते हुए अपनी योग्यता का परिचय दिया है। स्वयं सेवकों ने राज्य में विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव एवं राज्य से बाहर हरियाणा में विधानसभा चुनाव एवं दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में पुलिस के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर पूर्ण लगन एवं उत्साह के साथ अपनी ड्यूटी देते हुए शान्तिपूर्वक रूप से चुनाव सम्पन्न करवाने में प्रशासन को सहयोग प्रदान किया है।

गृह रक्षा स्वयंसेवक सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात संचालन में पुलिस की सहायता कर रहे है, साथ ही इनकी दक्षता को दृष्टिगत रखते हुए कई अन्य विभागों जैसे कारागार विभाग, खनन विभाग, वन विभाग तथा राजकीय एवं निजि उपक्रमों ने उनकी विभागीय संपत्तियों की सुरक्षा के लिए गृह रक्षकों को जिम्मेदारी प्रदान की है।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

वर्तमान समय की सुरक्षा परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मैं संगठन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विशेष रूप से स्वयं सेवकों का आह्वान करता हूँ कि वे अपने कार्यक्षेत्र में पूर्ण लगन तथा ईमानदारी से कर्तव्य का पालन करे। मैं यह भी आह्वान करता हूँ कि प्राकृतिक आपदाओं व आक्समिक दुर्घटनाओं के समय गृह रक्षक आगे आकर आम नागरिकों की सहायता में जुटें, साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान व पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान दें। इससे हम संगठन की मूल अवधारणा निष्काम सेवा को साकार कर सकेंगे।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि अनुशासन एवं कठिन परिश्रम से कानून व्यवस्था ड्यूटी के साथ अन्य महत्वपूर्ण डयूटियों में संगठन की दक्षता एवं उपयोगिता बढाने के लिए विभाग के सभी सदस्य सतत् रूप से प्रयासरत रहेंगे।

गृह रक्षा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मैं पुनः आप सभी को हार्दिक शुभकामनाऐं एवं बधाई प्रेषित करता हूँ।

राजेश

राजेश निर्वाण

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner